संक्षिप्त

कार्यों का लोकार्पण आज

श्रीमाधोपुर। क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने के लिए को लेकर एक और सौगात देते हुए यूडीएच मंत्री झाबरसिंह खर्रा शुक्रवार को करोड़ों रूपयों के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेगें। विधानसभा प्रभारी अजय सिंह खर्रा ने बताया कि एन एच -52 सिमारला जागीर सड़क,अरणियां से मूंडरु लिसाड़िया से गोठा,दिवराला से करीरी सीमा,दिवराला से ढ़ाणी बलवंत सिंह, मण्डूस्या से मोदयाड़ी,रायपुर जागीर से भानीपुरा सड़क का शिलान्यास तथा उपस्वास्थ्य केन्द्र कल्याणपुरा थोई का लोकापर्ण यूडीएच मंत्री झाबरसिंह खर्रा करेगें। वहीं अजितगढ़ राउमावि में राज्य सरकार द्वारा आयोजित जागृति आंगन कार्यक्रम के समापन तथा वार्षिकोत्सव समारोह में भी शिरकत करेगें।

आज 3 घंटे बिजली बंद

श्रीमाधोपुर । कस्बे में आज तीन घंटे बिजली बंद रहेगी सहायिका अभियंता भावेश गुप्ता जालपाली ने बताया कि 24 जनवरी को दोपहर 12 बजे से दोपहर 03 बजे तक 132 जालपाली श्रीमाधोपुर मे निर्माण, रखरखाव व मरम्मत कार्य करने के लिए विधुत आपूर्ति बंद रहेगी तथा इनके अधीन आने वाले तीजावाला जोहड़ा, श्रीमाधोपुर, डेरारामसागर, हांसपुर, बस्सी, जोरावरनगर, कंचनपुर, तिवाड़ी कि ढाणी, निमड़ावाली, खेड़ी, मऊ, बागरियावास, नांगल, होल्याकाबास व इनके आस पास के गांव व ढाणीयो कि विधुत आपूर्ति बंद रहेगी ।

एसीबीईओ ने किया निरीक्षण

निवाई। अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रमेशचन्द विजय ने महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय नटवाड़ा, बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय नटवाड़ा एवं गोपालपुरा विद्यालय में मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान के तहत आयोजित आकलन प्रथम का सघन निरीक्षण करके आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसीबीईओ विजय ने बताया कि निरीक्षण के दौरान बच्चों के शैक्षिक स्तर की जांच कर विद्यालयों में आकलन संबंधी सभी रिकॉर्ड का अवलोकन किया एवं आवश्यक निर्देश प्रदान किये साथ ही जिला कलेक्टर के मिशन 2025 के तहत पढ़ाई विद ए आई का भी अवलोकन कर संस्था प्रधान को आवश्यक निर्देश प्रदान किए। इस अवसर पर कार्यालय केआरपी रामकिशन बैरवा सहित कई शिक्षक मौजूद थे।

जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

निवाई। गांव बिचपड़ी के ग्रामीणों ने पूर्व सरपंच श्योजीराम थूणी के नेतृत्व में गांव बिचपड़ी को ग्राम पंचायत बनाने या यथावत रखने की मांग को लेकर जिला कलेक्टर सौम्या झा को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया कि ग्राम बिचपड़ी की आबादी करीब 2 हजार है। गांव में पटवार मण्डल, आंगनबाडी केन्द्र, उच्च प्राथमिक विद्यालय संचालित है। ज्ञापन में पंचायत पूर्नगठन के अनुसार ग्राम बिचपड़ी को ग्राम पंचायत मुख्यालय बनवाने या यथावत रखने के लिए प्रस्ताव बनवाकर राजस्थान सरकार को भिजवाने मांग की है। ज्ञापन देने वालों में नारायण, प्रभुलाल, महिपाल, रामकरण, परसुराम, श्योराज, भरतलाल, प्रेमसिंह, सुल्तानसिंह, कन्हैयालाल, जगपाल, हजारीलाल प्रजापत, रतनलाल लोधा व मांगीलाल सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

श्रद्धालुओं में खुशी की लहर

निवाई। अद्वैत आश्रम हरभांवता के संत बालिकानंदगिरि महाराज कुंभ मेले में महामण्डलेश्वर पद पर पंचदशनाम जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर के पद पर नियुक्त हुए है। संत बालकानंदगिरी महाराज के महामंडलेश्वर बनने के पर संत समाज सहित जिलेभर के श्रद्धालुओं में खुशी की लहर दौड़ गई। अद्वैत आश्रम हरभांवता हीरानन्दगिरी महाराज व सेवानन्दगिरी महाराज की तपोस्थली रही है, बालकानंदगिरी महाराज बचपन से ही आध्यात्मिक रहे है तथा बाल बह्मचारी संत है जो सेवानन्द गिरी महाराज के शिष्य है, बालकानंद गिरि की आरंभिक शिक्षा दीक्षा सवाईमाधोपुर जिले के बौंली उपखंड क्षेत्र के गुगड़ोद गाँव में ही संपन्न हुई थी।

युवक का शव मिला सड़क किनारे

टोंक। सदर थाना क्षेत्र के ग्राम तारण के मुख्य मार्ग पर सडक किनारे गुरुवार को एक युवक का शव पडे होने की सूचना थाने को मिली, जिस पर थानाधिकारी जयमल सिंह मय पुलिस जाप्ता पंहुचे। शव को कब्जे में लेकर सआदत अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरो ने उसे मृत घोषित किया।

किसानों को केंद्र वं राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करवाया जाए : कलेक्टर

अलवर कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों की बैठक लेती जिला कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला।

- कृषक उत्पादक संगठनों की जिला स्तरीय मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक हुई आयोजित
- जिले में एफपीओ के माध्यम से प्याज प्रसंस्करण इकाई लगाकर 10 हजार किसानों को जोडने का दिया लक्ष्य

अलवर। जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में कृषक उत्पादक संगठनों की जिला स्तरीय मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिले में एफपीओ के माध्यम से प्याज प्रसंस्करण इकाई लगाकर 10 हजार किसानों को जोडने का लक्ष्य दिया गया। जिला कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला ने विभिन्न एफपीओ की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि एफपीओ को कृषि प्रसंस्करण इकाई के रूप में सुगमता से कार्य करने के लिए आवश्यक सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि अलवर जिले में प्याज की फसल का उत्पादन प्रचुर मात्रा में होता है और इससे 25 हजार से अधिक किसान जुडे हुए हैं। उन्होंने निर्देश दिये कि जिले में प्याज प्रसंस्करण इकाई लगाने पर एफपीओ को संबंधित विभागीय अधिकारी पूर्ण सहयोग प्रदान करें। उन्होंने निर्देश दिये कि प्रथम चरण में इस उक्त कार्य से जिले में 10 हजार किसानों को एफपीओ से जोडे। उन्होंने निर्देश दिये कि जिले के किसानों को केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं से पात्रतानुसार लाभांवित करवाया जाए। बैठक में नाबार्ड के डीडीएम ने एफपीओ से संबंधित सभी पहलुओं पर विस्तार से जानकारी प्रदान की। साथ ही उन्होंने जिले में संचालित एफपीओ को जिले के प्याज किसानों को जोडते हुए प्याज प्रसंस्करण इकाई लगाने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही उन्होंने कहा कि इसके लिए नाबार्ड द्वारा पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाएगा। कृषक उत्पादक संगठन के नोडल अधिकारी एवं डीडीएम नाबार्ड प्रदीप चौधरी, लीड बैंक मैनेजर बाबूलाल पलरिया, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक पीसी मीणा, उपनिदेशक बागवानी के.एल मीना, कृषि विज्ञान केंद्र से डॉ. सुभाष यादव, कृषि उपज मंडी के उपनिदेशक नरेश यादव, लुपिन फाउंडेशन के स्टेट हैड वेद प्रकाश शर्मा एवं जिले के एफपीओ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बाईक सवार बुजुर्ग व्यक्ति के मारी टक्कर

निवाई। अवैध बजरी भरे टैक्टर ने बुर्जग व्यक्ति के टक्कर मार दी जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। कांटोली आश्रम के संत श्रीराम महाराज सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि अवैध बजरी भरे टैक्टर ने बाईक सवार गोविन्दनारायण मीणा निवासी कांटोली के टक्कर मार दी। ग्रामीणों ने बजरी माफियाओ को रूकवाने का प्रयास किया तो उसके अन्य साथियों ने धक्का मुक्की कर उसे छुड़ाकर ले गए। उन्होंने बताया कि उपखंड क्षेत्र में लगातार धड़ल्ले से अवैध बजरी परिवहन हो रहा है। जिसकी सूचना के बाद भी घंटों तक पुलिस नहीं पहुंचती है। ग्रामीणों ने बताया कि न्यायालय सहित शासन व प्रशासन के सख्त निर्देशों के बाद भी प्रशासन बजरी खनन व परिवहन पर रोक लगाने में नाकाम नजर आ रहा है। अवैध खनन व परिवहन में शामिल लोग गांवों मे ट्रैक्टर ट्रॉली को सरपट दौड़ाते हुए लेकर जाते हैं। जिससे गांवों मे दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। इन बजरी माफियाओं के दलाल ट्रैक्टर ट्रॉली के आगे आगे मोटर साइकिल पर चलते हुए रास्तों पर पुलिस का ध्यान रखते हुए ट्रैक्टर चालकों को रास्तों की पल पल की जानकारी उपलब्ध करवाते हैं।

पशुपालन बीमा के लिए आवेदन 31 जनवरी तक

कोटपूतली। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार द्वारा प्रदेश के पशुपालकों के अमूल्य पशुधन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना की शुरुआत की गई है। इस महत्वाकांक्षी योजना का उद्देश्य पशुपालकों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना और उनके पशुधन की मृत्यु की स्थिति में आर्थिक नुकसान से बचाना है। योजना के तहत लाभ लेने के लिए प्रदेश के सभी जनाधार कार्ड धारक पशुपालक पात्र होंगे। पशुपालकों को बीमा विभाग के एपध्सॉफ्टवेयर पर आवेदन करना होगा। मोबाईल ऐपध्वेबपोर्टल पर आवेदन की दिनांक बढ़ा कर अब 31 जनवरी कर दी गई है।

बीमा के लिए लॉटरी द्वारा पशुपालकों का चयन किया जाएगा। प्रदेश के गोपाल क्रेडिट कार्ड धारक पशुपालक और लखपति दीदी पशुपालकों को चयन में प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही अनुसूचित जाति और जनजाति के लिए क्रमश: 16 और 12 प्रतिशत आरक्षण का भी प्रावधान किया गया है। बीमा के लिए पशुओं की टैगिंग अनिवार्य है। चयनित पशुपालक के अधिकतम 2 दुधारू पशु (गाय, भैंस अथवा दोनो)10 बकरी ,10 भेड़ ,1 उष्ट्र वंश पशु का नि:शुल्क बीमा किया जाएगा। यह बीमा उन्हीं पशुओं का होगा जो किसी अन्य योजना के तहत बीमित नहीं हो। यह बीमा एक वर्ष के लिए किया जाएगा और पशुपालक को इसके लिए कोई प्रीमियम नहीं देना होगा। बीमा राशि का निर्धारण पशु की नस्ल, उम्र व दुग्ध उत्पादन क्षमता के आधार किया जायेगा लेकिन किसी भी स्थिति में बीमा की अधिकतम राशि 40 हजार रुपये से अधिक नहीं होगी। पशुओं के बीमा के लिए निर्धारित उम्र अनुसार गाय की उम्र 3 से 12 वर्ष और भैंस की 4 से 12 वर्ष होनी चाहिए।

इसी प्रकार बकरी और भेड़ की उम्र 1 से 6 वर्ष जबकि ऊंट की उम्र 2 से 15 वर्ष होनी चाहिए। योजना का क्रियान्वयन ट्रस्ट मोड पर राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग द्वारा किया जाएगा जबकि पशुपालन विभाग नोडल विभाग होगा। राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग (साधारण बीमा) विभाग चयनित पशुपालकों के पशुओं का बीमा कराने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत ध राजस्व ग्राम हेतु तिथिवार कार्यक्रम निर्धारित करेगा जिसकी सूचना पशुपालकों को एसएमएस या अन्य माध्यम से दी जायेगी। समस्त बीमा प्रक्रिया उपरान्त पशुपालक को मोबाईल पर एसएमएस के माध्यम से बीमा पॉलिसी का लिंक प्राप्त होगा। यदि बीमित पशु का टैग किसी कारणवश गुम हो जाता है तो उस स्थिति में पशुपालक को बीमा विभाग को सूचना देनी होगी। सूचना प्राप्त होने के 1 दिन के भीतर बीमा विभाग पशु का री-टैगिंग करवाकर पॉलिसी एवं सॉफ्टवेयर में नये टैग की प्रविष्टि करेगा। पशुपालक द्वारा पशु की बिक्री ध उपहार दिये जाने की स्थिति में बीमा पॉलिसी समाप्त मानी जायेगी। बीमित पशु की मृत्यु होने पर पशुपालक द्वारा शीघ्र ही इसकी सूचना बीमा विभाग को देनी होगी।बीमा प्रतिनिधि द्वारा सर्वे तथा पशु चिकित्सक द्वारा मृत पशु का पोस्टमॉर्टम परीक्षण कर समस्त प्रक्रिया को निर्धारित सॉफ्टवेयर ऐप में इन्द्राज किया जायेगा।

भगवान श्रीकृष्ण की सजाई झांकी

निवाई। ग्राम खेडी गोकुलपुरा में विष्णुशरणदास महाराज के सानिध्य में आयोजित सप्त दिवसीय भागवत कथा ज्ञान गंगा में कथा प्रसंग में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाया गया जिसमें बाल कृष्ण लीलाओं का भव्य चित्रण हुआ। इस दौरान नन्द बाबा व भगवान श्रीकृष्ण की सजीव झांकी सजाकर जमकर भक्ति नृत्य किया। विष्णुशरणदास महाराज ने कहा कि कथा सुनने से घर में सुख-शान्ति व लक्ष्मी का निवास होता है। इस अवसर पर भजन सम्राट गौ ऋषि प्रकाशदास महाराज, रोटी वाले बाबा, आचार्य नीरज शर्मा, भूतेश्वर महादेव मंदिर के युवराज महेश महाराज सहित कई साधु संत मौजूद थे। कथा में नवाबसिंह राठौड़, अजीतसिंह राठौड़, रुद्र बन्ना, जुली राठौड़, हितांशप्रताप सिंह, कमला तोमर, मालती राजपूत, दयासागर राजपूत, हरकिशनसिंह राजपूत, हर्ष कुमारी, ताराचंद महर, प्रतापसिंह राजपूत, रीना भदौरिया, मुनेंद्र भदौरिया, विनीता भदौरिया, कौशलेंद्र भदौरिया, दीपक राठौड़, करण तोमर, विश्वजीतसिंह चंदेल, साहिल राजपूत व प्रिंस राजपूत सहित कई श्रद्धालु मौजूद रहे।

लाखों की चोरी का अभी तक नहीं हुआ खुलासा, आठ दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली

पावटा। प्रागपुरा थाना क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद हैं, जिसके कारण प्रागपुरा थाना पुलिस की कार्यप्रणाली भी सवालों के घेरे में है।

मामला पावटा कस्बे की राठी कॉलोनी के में हुई चोरी से जुड़ा है । मकर संक्रांति पर्व 14 जनवरी की रात को पावटा कस्बे की राठी कॉलोन में हुई चोरी में चोर लाखों के सोने-चांदी के जेवरात व 10 लाख नकदी पर हाथ साफ कर चंपत हो गये थे। घटना के आठ दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक पुलिस के हाथ खाली हैं। पावटा कस्बे की राठी कॉलोनी निवासी मातादीन गुप्ता और उनका परिवार मकर संक्रांति पर्व पर खाटूश्याम दर्शन के लिए घर से बाहर गए हुए थे।

उन्होंने घर पर ताला लगाया हुआ था। इसके बाद जब वो रात को घर पहुंचे तो उन्हें घर का ताला टूटा मिला। जब वो घर के अंदर गए तो अलमारियों के ताले भी टूटे हुए थे। गहनों के डब्बे खाली थे। चारों ओर सामान बिखरा हुआ था। पीड़ित मातादीन गुप्ता ने बताया उनके घर में बेटियों की शादी के लिए पाई पाई जोड़ कर खरीदे सोने-चांदी के गहने व 10 लाख रुपए नकदी रखे हुए थे। सोने-चांदी के गहनो की कीमत लाखों रुपये के आस पास थी।

चोर सब ले उड़े। इस संबंध में उन्होंने प्रागपुरा थाना पुलिस में चोरी की एफआईआर भी लिखाई है। आठ दिन बीत जाने के बाद भी चोरों को पकड़ने में पुलिस अब तक असफल रही है। क्षेत्र में सक्रिय चोरों तक पुलिस के हाथ नहीं पहुंच पा रहे हैं। चोरों का सुराग लगा पाना तो दूर, पुलिस वारदातों को अंजाम दे रहे गिरोह को ट्रेस करने में भी नाकाम साबित हुई है। पांच दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं।

क्षेत्र में सक्रिय चोरों ने एक के बाद एक चोरियों को अंजाम देकर पुलिस को खुली चुनौती दी है। अपराध पर अंकुश लगाने के नाम पर पुलिस अधिकारी आए दिन बैठकें कर नई-नई रणनीति बनाने का दावा करते रहते हैं, लेकिन धरातल पर पुलिस के दावे खोखले साबित हो रहे हैं।

मजबूरी में ही सही, पुलिस चोरियों के खुलासे को हाथ पैर तो मार रही है, लेकिन कामयाबी उससे कोसों दूर है। चोरियों से जुड़ा एक भी ठोस सुराग जुटाने में पुलिस विफल साबित हुई है। किसी गिरोह को भी ट्रेस नहीं किया जा सका है। वहीं वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजावत ने बताया पुलिस पूछताछ में जुटी है। आस पास के के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस टीम गठित कर दी गई है। घटना के दौरान घर के आसपास किन-किन लोगों की गतिविधियां थी, इसकी भी जानकारी जुटाई जा रही है। उन्होंने कहा जल्द चोरी के मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

सामुदायिक गतिशीलता आमुखीकरण का आयोजन

निवाई। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय भगत सिंह कॉलोनी निवाई में सामुदायिक गतिशीलता के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय एक दिवसीय आमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना करके किया गया। इस अवसर पर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मंजू मीणा, अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रमेशकुमार विजय, लेखाधिकारी रेनू शर्मा, कार्यक्रम अधिकारी ओमप्रकाश गौतम एवं रामकिशन बैरवा सहित 25 ग्राम पंचायत के संस्था प्रधान व 17 जन प्रतिनिधि मौजूद थे। कार्यक्रम में दक्ष प्रशिक्षक डॉ. कुसुम कौशिक ने बताया कि विद्यालय विकास एवं प्रबंधन समिति की सीख, सुविधा, सुप्रबंधन, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा पांच प्रकार की जिम्मेदारी है। किस प्रकार समुदाय, शिक्षक, अभिभावक व बच्चों की सहभागिता करें जिससे समाज व विद्यालय का ताना-बाना ढीला ना हो सके। इस अवसर पर चतुर्भुजपुरा सरपंच अनीता मीणा, नटवाड़ा सरपंच कैलाशी देवी, सिरोही उप सरपंच जगदीश सोनी, राहोली से जन प्रतिनिधि शंकरलाल अटल, बड़ागांव उप सरपंच हंसराज गुर्जर, जिला जनप्रतिनिधि जितेंद्रकुमार रैगर, मूंडिया जनप्रतिनिधि ममता देवी मीणा व जुगलपुरा से गजानन सैनी ने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि ग्रिाम पंचायत, एमसी व एसडीएमसी के सदस्यों के साथ सुदढीकरण करके कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर संस्था प्रधान सुमन शर्मा, विनोद तिवारी, नरेंद्र कुमार गुप्ता व अनुराधा वर्मा ने भी संभागियों की भागीदारी सुनिश्चित करने में सहायक भूमिका निभाई। एक दिवसीय आमुखीकरण में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मीणा ने बताया कि एकदिवसीय आमुखीकरण से समिति के सभी सदस्यों का क्षमता संवर्धन व विद्यालय के विकास में भागीदार होगी।

'आपका विधायक आपके द्वारा' कार्यक्रम के तहत विधायक धनकड़ ने सुनी जनता की समस्या,

केरली की ढाणी कुनेड में आपका विधायक आपके द्वार जनसुनवाई शिविर का आयोजन किया ।

- विधायक ने तत्काल कार्यवाही को लेकर अधिकारियों को निर्देशित कर समस्याओं के समाधान का दिया आश्वाशन

पावटा । विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड़ द्वारा पावटा प्रागपुरा नगरपालिका क्षेत्र में पावटा कस्बे की जनता से वार्डो में जाकर नियमित संवाद कर, जनसमस्याओं को सुन उसके निस्तारण के लिए गुरुवार को पावटा कस्बे के रामलीला मैदान चौक, पटेलो का मोहल्ला, नई सब्जी मंडी सार्वजनिक चौक, प्रजापति मोहल्ला माता की गाडी मस्जिद चौक, गंगा मंदिर प्रांगण, मोटाका मोहल्ला, राठी कॉलोनी सार्वजनिक चौक, कुनेड सार्वजनिक चौपाल,कुनेड पुराला की ढाणी तेजाजी मंदिर, बोहरा मोहल्ला शिव मंदिर कुनेड, ढाणी बीरमाला कुनेड, हीरनंदाला की ढाणी कुनेड, ढाणी भोमदास वाली कुनेड, केरली की ढाणी कुनेड में आपका विधायक आपके द्वार जनसुनवाई शिविर का आयोजन किया गया। पावटा बालाजी मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र राठी ने बताया कि जहां वार्डो से आए फरियादियों ने अपनी अपनी समस्याओं को विधायक धनखड के समक्ष रखा। विधायक धनखड ने क्रमवार तरीके से सभी की शिकायतों को सुन अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जाँच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा। वहीं संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही करने बारे निर्देश दिये। वहीं उन्होंने वार्डो में सीसी रोड, इंटर लॉकिंग सड़क, हाइ मास्क लाइट, नालियों का निर्माण, रामलीला मैदान परिसर को सीसी करने, शटर लगाने सहित विभिन्न विकास कार्यों की घोषणा की। उन्होंने कहा कि अपने क्षेत्र का विकास करवाना उनका कर्तव्य है और उनका प्रयास है कि विराटनगर विधानसभा क्षेत्र विकास कार्यों में अग्रणी बने।

सार-समाचार

यातायात नियमों की पालना करने के लिए किया प्रेरित

निवाई। पुलिस थाना के बाहर थानाधिकारी सूरजमल चौधरी के नेतृत्व में यातायात जागरूकता अभियान को लेकर वाहन चालकों को माला पहनाकर व पुष्प भेंट कर यातायात नियमों की पालना करने के लिए प्रेरित किया। यातायात प्रभारी सांवरमल जाट, कानि भागचन्द, जय प्रकाश व उगन्ता ने वाहन चालकों को यातायात नियमों की पालना करने के लिए प्रेरित करते हुए वाहन चालकों को यातायात के नियमों की जानकारी दी। उन्होंने वाहन चालकों को हेलमेट पहनने, क्षमता से ज्यादा सवारी नहीं बैठाने, सीट बेल्ट लगाने, तेज गति से व नशे में वाहन नहीं चलाने, वाहन चलाते समय मोबाईल पर बात नहीं करने, वाहनों को रोंग साईड में नहीं चलाने एवं लाइसेंस सहित वाहन के अन्य दस्तावेज साथ रखने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अभियान को लेकर वाहन चालकों को यातायात के नियमों की जानकारी देते हुए यातायात के नियमों की पालना करने के लिए चालकों को माला पहनाकर व पुष्प भेंट कर प्रेरित किया। यातायात प्रभारी सांवरमल जाट ने बताया कि यातायात नियमों का उलंघन करने पर 15 वाहनों पर कार्रवाई की गई।

चंद्र बोस जयंती पर पथ संचलन निकाला

बौंली-बामनवास । आदर्श विद्या मंदिर रामशाला चौक एवं बालिका आदर्श विद्या मंदिर छोटा बाजार बौंली के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर पथ संचलन निकाला। पथ संचलन से पूर्व आदर्श विद्या मंदिर प्रांगण में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर भारतीय शिक्षा समिति गंगापुर सिटी के सचिव जगदीश प्रसाद शर्मा, प्रधानाचार्य प्रेमराज सिंह, हनुमान प्रसाद शर्मा, बालिका विद्यालय के प्रधानाचार्य तुलसी नारायण सैनी एवं गोविंद नारायण भदोरिया ने सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। पथ संचलन में विद्यालय के एक भैया को सुभाष चंद्र बोस बनाकर घोड़ी पर बैठाया गया। पथ संचलन को(विद्यालय के पूर्व छात्र) लखनऊ के नर्सिंग ऑफिसर मोहित सोनी एवं विद्यालय समिति की अध्यक्ष मंजू लता सिंघल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पथ संचलन आदर्श विद्या मंदिर रामशाला चौक से प्रारंभ होकर मुख्य बस स्टैंड, सदर बाजार होता हुआ जगत शिरोमणि जी मंदिर मार्ग से छोटा बाजार होते हुए वापस विद्या मंदिर पर जाकर समापन हो गया। पथ संचलन के दौरान नागरिकों ने जगह-जगह रंगोलिया सजाकर पुष्प वर्षा की।

बस चलाने से रोडवेज का इनकार

सांभरझील, (निसं)। सांभर से अजमेर व अजमेर से सांभर रोडवेज की बसों का पुन: संचालन के लिए अजमेर रोडवेज आगार ने पूरी तरह से हाथ खड़े कर दिए हैं। राष्ट्रदूत की ओर से कोरोना काल की आड़ में बंद की गई इन बसों का संचालन करवाने के लिए विधायक, पूर्व विधायक, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों का ध्यान आकर्षित करवाया लेकिन इनमें से किसी एक को भी इसीलिए सफलता नहीं मिली क्योंकि उनकी ओर से शुद्ध इच्छा से कोई प्रयास ही नहीं किया गया, जब प्रयास ही नहीं किया गया तो बसें रुकती भी कैसे? यानी कुल मिलाकर क्षेत्र की जनता विगत 5 वर्षों से परेशान है और जिस हिसाब से यहां के नेता दोनों दलों के अपनी भूमिका अदा कर रहे हैं उस हिसाब से कल्पना करना बेकार है कि शीघ्र कोई बस रुकवाने के लिए रास्ता निकलेगा। सांभर निवासी टीकम सैनी ने सरकार के पोर्टल पर जब इसकी जानकारी मांगी तो अजमेर आगार की तरफ से जवाब आया की "सांभर से अजमेर रोडवेज की बसों का संचालन संसाधन के अभाव में संभव नहीं है।" यानी रोडवेज ने एक लाइन का उत्तर देकर अपना पिंड छुड़ा लिया, लेकिन इसके समुचित कारण नहीं बताएं कि इसकी मुख्य वजह क्या है।

दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

पावटा। प्रागपुरा थाना पुलिस ने पावटा कस्बे के सार्वजनिक स्थानों पर हथियार लहराकर दहशत फैलाने और धमकियां देने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार किए हैं। जिला कोटपूतली बहरोड़ पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत ने जानकारी देते हुए बताया कि अवैध गतिविधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपूतली वैभव शर्मा के सुपरविजन व वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजावत के निर्देशन एवं प्रागपुरा थाना प्रभारी अंकित सामरिया के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा समझ से आसूचना संकलन कर सुरेंद्र यादव पुत्र मालाराम निवासी श्याम कॉलोनी पावटा, तिलक शर्मा पुत्र उमेश शर्मा निवासी लाडाकाबास को गिरफ्तार करने में सफलता अर्जित की है। वहीं अन्य सह अभियुक्तों की तलाश जारी है। वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजावत ने बताया कि देवेंद्र यादव निवासी ककराना ने प्रागपुरा थाना पुलिस में मामला दर्ज करवाया था कि मेरी लाइब्रेरी पर तिलक शर्मा वगैरा ने छात्रों को हथियार दिखाकर मारने पीटने की धमकी दी है। जिस पर आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया।

कबड्डी प्रतियोगिता टीम का चयन

मालपुरा । राज्य सरकार एवं शिक्षा विभाग के आदेशो की पालना मे गुरूवार को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय अम्बापुरा मे वार्षिक उत्सव समारोह पूर्वक आयोजित कर भामाशाहाओं का किया गया सम्मान। गुरूवार को आयोजित वार्षिक उत्सव समारोह मे टोरडी पीईईओ मो. जाहिद,वार्ड पंच सुरेश सैनी,समाजसेवी रामपाल शर्मा,माजिद अली, प्रधानाचार्य निर्मला बोहरा,सुर्यकांत दायमा ने सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवल्लित कर समारोह का शुभारम्भ किया। विद्यालय की बालिकाओं ने अनेक प्रस्तुतियो से अतिथियो व अभिभावको की तालियां बटोरी। अध्यापक अरूण काबरा ने बताया कि समारोह मे गतवर्ष विद्यालय मे टॉपर रहै बच्चो व भामाशाहाओं का सम्मान किया गया। प्रधानाध्यापक अ. मारूफ ने अतिथियो का सम्मान कर विद्यालयो की गतिविधियो पर प्रकाश डाला। संचालन अरूण काबरा ने किया। वही टोंक जिला कबड्डी संघ द्वारा सादात क्लब खेल मैदान पर जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के माध्यम से प्रदेश स्तरीय टीम का चयन किया। जो कि जोधपुर मे आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता मे भाग लेगी।

आरोपी को किया गिरफ्तार

पावटा। प्रागपुरा थाना पुलिस ने अवैध बजरी खनन व परिवहन में बजरी से भरा एक डंपर जप्त कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। जिला कोटपूतली बहरोड़ पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत ने जानकारी देते हुए बताया की संपूर्ण जिले में अवैध बजरी खनन के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपूतली वैभव शर्मा के सुपरविजन व वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजावत के निर्देशन एवं प्रागपुरा थाना प्रभारी अंकित सामरिया के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा अवैध बजरी परिवहन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अभियुक्त सुभाष पुत्र रामचंद्र निवासी बनाडी तन भूरी भड़ाज को गिरफ्तार करते हुए बजरी से भरा डंपर जप्त कर एमएमडीआर एक्ट में मामला पंजीबद्ध किया गया है।

चंद्र बोस की 127 वी जयंती मनाई

श्रीमाधोपुर। महात्मा गाँधी पी.जी. कॉलेज में एनसीसी व राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वाधान में क्रांतिकारी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर पुष्पांजली अर्पित की गई। कार्यक्रम संयोजक मांगीलाल कुमावत ने बताया कि महाविद्यालय प्रांगण में सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर निदेशक मोहर सिंह खर्रा व प्राचार्य डॉ. वी.के .सैनी, उपप्राचार्य विजेंद्र कुमार पूनिया, एनएसएस प्रभारी सुशीला देवी, विज्ञानं संकाय प्रभारी वीरेंद्र यादव के द्वारा पुष्प अर्पित कर 127 वी जयंती मनाई। हिंदी व्याख्याता दयाराम के सानिध्य में सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर पर्यावरण संरक्षण संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

एक वांछित आरोपी गिरफ्तार

टोंक। जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान के तहत वृताधिकारी निवाई मृत्युजय मिश्रा एवं दत्तवास थानाधिकारी हीरालाल के नेतृत्व में गठित टीम ने अवैध मादक पदार्थ के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए थाने में दर्ज एनडीपीएस एक्ट प्रकरण में वांछित आरोपी कालूराम उर्फ हीरालाल उर्फ राजेश पुत्र सुरज्ञान माली उम्र 35 साल निवासी दतुली थाना मित्रपुरा जिला सवाईमाधोपुर को गिरफ्तार किया हैं।

सुभाष चंद्र बोस 128वी जयंती मनाई

मनोहरपुर । कस्बे के टोल के पास स्थित ऑक्सफोर्ड सनशाइन विद्यालय प्रांगण में गुरुवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128 वी जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को रंगोली बनाकर सजाया गया तथा विद्यालय के नन्हे मुन्ने बालकों द्वारा मार्च पास्ट किया गया ।।